FORM No. III

APP-A
Crim-I

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी मुकाम कोटा

हरिशंकर बनाम सरकार

किस्म मुकदमा 136 नं. 146 सन् 2025

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो किस हुक्म की तामील में जारी हुए
9/10/25	ग्राम सेवा शिविर 2025 के तहत आयोजित कैम्प स्थान ग्राम पंचायत कसार में प्रार्थी हरिशंकर की ओर से प्रार्थना पत्र राजस्थान भू० राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत पेश कर निवेदन किया है कि ग्राम हरीपुरा पटवार हल्का काल्याखेड़ी में स्थित भूमि खाता संख्या 150, 130 एवं ग्राम मन्दरगढ़ पटवार हल्का भंवरिया में स्थित भूमि खाता सं0 89 में प्रार्थी का भवानीशंकर पुत्र भंवरलाल नाम दर्ज है। जबकि आधार कार्ड में हरिशंकर पुत्र भंवरलाल दर्ज है। अतः राजस्व रिकॉर्ड में नाम सही दर्ज किये जाने की कृपा करे। प्रार्थना पत्र के संबंध में तहसीलदार लाडपुरा से जॉच रिपोर्ट प्राप्त की गई। रिपोर्ट में तहसीलदार लाडपुरा द्वारा भवानीशंकर पुत्र भंवरलाल का राजस्व रिकॉर्ड में नाम भवानीशंकर उर्फ हरिशंकर पुत्र भंवरलाल किये जाने की अनुशंषा की है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार कर ग्राम हरीपुरा पटवार हल्का काल्याखेड़ी में स्थित भूमि खाता संख्या 150, 130 एवं ग्राम मन्दरगढ़ पटवार हल्का भंवरिया में स्थित भूमि खाता सं0 89 में भवानीशंकर पुत्र भंवरलाल के स्थान पर भवानीशंकर उर्फ हरिशंकर पुत्र भंवरलाल दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। उक्त निर्णय आज दिनांक 09.10.2025 को मेरे द्वारा लिखा जाकर ग्राम सेवा शिविर 2025 के तहत आयोजित कैम्प स्थान ग्राम पंचायत कसार में सुनाया गया। (गजेन्द्र सिंह) उपखण्ड अधिकारी कोटा	